तापमान
अधिकतम 28 .2 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025

11 प्रबंधन विभाग की टीम ने तीन विकेट से जीत दर्ज की



12 गढ़ी-सांपला, ईस्माइला 11बी और खेड़ी सांपला में ...



## खबर संक्षेप



### रेस्पिरेटरी विभाग में 6 बेड का आईसीयू शुरू

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने शुक्रवार शाम को वार्ड 17 स्थित रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग में रिबन काटकर 6 बेड के आईसीयू का शुभारंभ किया। चिकित्सकों एवं आमजन को संबोधित किया।

### मदविः रिजल्ट घोषित बेवसाइट पर उपलब्ध

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमए इकोनॉमिक्स आनर्स पंचवर्षीय फ्रेश की पांचवें सेमेस्टर, सातवें व नौवें सेमेस्टर तथा री-अपीयर छठे सेमेस्टर, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन की प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

### हुडा कॉम्पलेक्स में आज स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** डॉ. हेडगेवार स्मारक सोसायटी द्वारा हुडा कॉम्पलेक्स में एक मार्च को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि शिविर में सुबह 10 से 2 बजे तक बीपी, शुगर, वेट, हाइट और एचबी की जांच की जाएगी। साथ ही दवाइयां भी वितरित की जाएगी।

### आज का युग विज्ञान व तकनीकी का

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि आज का युग विज्ञान व तकनीकी का युग है। इसका प्रयोग हमें मानव विकास के लिए बेहतर तरीके से करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी सोच वैज्ञानिक बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. निधि कक्कड़ ने इस वर्ष की थीम के बारे में विद्यार्थियों को बताया। वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए ईको ब्रिक्स बनाना सिखाया गया।

### दो युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने नगर निगम चुनाव को मध्यनजर रखते हुए अलग-2 स्थानों से दो युवको को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से 14 बोतल, 30 अध्धे व 103 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अलग-2 अभियोग अंकित कर कार्यवाही की गई है।
शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि हिसार रोड नेहरु कॉलोनी के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अजीत निवासी इन्द्रा कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।

### बाइक चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि नंदगढ़ जिला जींद निवासी रोहित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 24 फरवरी को रोहित सब्जी लेने के लिए आया हुआ था। रोहित अपनी मोटरसाइकिल खड़ा कर चला गया। वापिस आने पर रोहित को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली।

## निगम चुनाव: मतदान पार्टियां चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्रों के लिए होंगी रवाना

# शक्ति प्रदर्शन के साथ खत्म हुआ नगर निगम का चुनाव प्रचार, आज प्रत्याशी घर-घर वोट मांगेंगे

- सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्थापित किया गया है स्ट्रॉग रूम
- दो मार्च रविवार को वोटिंग होगी, 12 मार्च को चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे
- 22 वार्डों में आम चुनाव के दृष्टिगत 285 मतदान केंद्र स्थापित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम का चुनाव प्रचार शुक्रवार को रोड शो और डीजे के शोर द्वारा शक्ति प्रदर्शन के साथ समाप्त हो गया। मेयर प्रत्याशियों सहित हर वार्ड के प्रत्याशियों ने गाड़ियों और मोटर साइकिलों के काफिले के साथ अपने अपने वार्ड में लोगों से उनके पक्ष में वोट करने की अपील की। शुक्रवार को शाम 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त किया गया। इसके बाद 2 मार्च रविवार को वोटिंग होगी। 12 मार्च को चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### सभी तैयारियां पूरी

नगर निगम चुनाव की निर्वाचन अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जाट शिक्षण संस्था के सीआर कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नगर निगम चुनाव के लिए स्ट्रॉग रूम स्थापित किया गया है, जहां से एक मार्च को मतदान पार्टियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण देने के बाद चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

### खनन मंत्री कृष्णा लाल पंवार प्रत्याशियों के लिए वोट मांगें



### रोड शो निकालकर वोट मांगे



### 19 मतदान केंद्र अति संवेदनशील

मेजर गायत्री अहलावत ने कहा कि नगर निगम के 22 वार्डों में आम चुनाव के दृष्टिगत 285 मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। इन मतदान केंद्रों में से 49 मतदान केंद्र संवेदनशील तथा 19 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील मतदान केंद्र घोषित किया गया है। इन मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। नगर निगम चुनाव के लिए 285 मतदान पार्टियों के अलावा 29 मतदान पार्टियां आरक्षित रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि यह मतदान पार्टियां एक मार्च को चुनाव सामग्री लेकर अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी तथा मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान केंद्रों पर बूथ स्थापित करेंगी। यह पार्टियां मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जांच भी करेंगी। 2 मार्च को सुबह 8 बजे मतदान शुरू होगा तथा शाम 6 बजे मतदान संपन्न होगा। मतदान शुरू होने से 90 मिनट पूर्व मॉक पोल करवाया जाएगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी तथा मतगणना संपन्न होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### स्ट्रांग रूम स्थापित

कलानौर नगर पालिका आम चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एवं महम के उपमंडलाधीश दलबीर फौगाट ने कहा कि नगर पालिका के सभी 16 वार्डों के लिए 16 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। नगर पालिका आम चुनाव के लिए कलानौर स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में स्टोंग रूम स्थापित किया गया है, जहां से एक मार्च को मतदान पार्टियों को प्रशिक्षण देने के बाद चुनाव सामग्री वितरित कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। यह सभी मतदान पार्टियां चुनाव सामग्री लेकर अलॉट किए गए मतदान केंद्रों पर पहुंचेगी तथा मतदान बूथ स्थापित करेंगी।

### फोटो युक्त पहचान पत्र अनिवार्य

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि निकाय चुनाव में बढ़-चढ़ कर मतदान करें। मतदान में केवल वही मतदाता मताधिकार का उपयोग कर सकेगा, जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है। मतदाता का नाम संबंधित नगर निगम अथवा नगरपालिका की मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए अपने साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा। वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं। मतदाताओं के पास यदि वोटर कार्ड नहीं हैं तो वे अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं।

### चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने को 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट

नगर निगम और नगर पालिका कलानौर के 2 मार्च को होने वाले चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडगटा ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर सुपरवाइजर की नियुक्ति की है। ये सभी चुनाव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने-अपने रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और अपने बूथ क्षेत्र के तहत पुलिस प्रशासन का सहयोग करेंगे। इसके अलावा कार्यकारी अभियंता जगमाल, हेमेंत कुमार, कृषि विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र सिंह, उप श्रम आयुक्त विश्वप्रीत सिंह व डीएफएसई वरिंद्र सिंह को रिजर्व में सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा एसडीई विनित कुमार, हैफेड मैनेजर प्रदीप कुमार, एसडीई नवीन कुमार, उप श्रम आयुक्त वेलफेयर विकास हुड्डा, हैफेड के डीएम अनूप नैन को रिजर्व में सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किया है।



### सुपरवाइजर नियुक्त किए

जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार नगर पालिका कलानौर चुनाव के लिए कार्यकारी अभियंता अमित गोयल, एसएसआईआईडीसी के मैनेजर राजीव कुमार डागर को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा एसडीओ शमशेर, एसडीई सरजीत सिंह, एसडीओ सतीश कुमार व एसडीओ अशोक कुमार बंसल को सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किया है। इसके अलावा एसडीओ अंकित कुमार, एसडीओ प्रदीप कुमार, एसडीओ संजीत कुमार को रिजर्व में सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा एसडीई राजेश सोनी, एसडीओ जगदीप दलाल, एचएसडब्ल्यूसी के डीएम रोहताश दहिया को रिजर्व में सेक्टर सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

### निकाय चुनाव में भी सर्वसमाज भाजपा के साथ, कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा: पंवार

पंचायती राज एवं खनन मंत्री कृष्णा लाल पंवार के नेतृत्व में भाजपा ने शुक्रवार को रोड शो निकाला। पंचायती राज एवं खनन मंत्री कृष्णा लाल पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है। रोहतक के विकास को और तेज गति देने के लिए भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं और विकास में भागीदार बनें। पंवार ने कहा कि रोड शो में उमड़ी भीड़ और जनता के उत्साह को देखकर दावा करता हूं कि इस बार रोहतक नगर निगम में 23 कमल खिलेंगे। पंवार ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में घूम रहा हूं। सभी जगह भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है। जिस तरह दिल्ली में सर्व समाज ने भाजपा का साथ देकर सरकार बनाई, उसी तरह हरियाणा के निकाय चुनाव में भी सर्वसमाज और सभी जातियों के लोग भाजपा के समर्थन में हैं। निकाय चुनाव में कांग्रेस का खाता नहीं खुलेगा और भाजपा एतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, निवर्तमान मेयर मनमोहन गोयल, वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन, जिला परिषद चेयरमैन मंजू हुड्डा, कलानौर विधानसभा प्रत्याशी रेणु डाबला, निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल और सभी 22 निगम पार्षद प्रत्याशी मौजूद रहे।

# चुनाव को लेकर सुरक्षा बढ़ाई, 13 नाकों पर 1300 पुलिस कर्मी रहेंगे तैनात

- चुनाव को लेकर 6 राजपत्रित अधिकारी, 17 प्रभारी थाना-निरीक्षक रैंक के अधिकारियों की व 31 एनजीओ स्तर की पेट्रोलिंग पार्टियां बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम रोहतक व नगर पालिका कलानौर के आम चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। नगर निगम रोहतक व नगर पालिका कलानौर के आम चुनाव 2 मार्च को होगा। एसपी नरेन्द्र बिजारणिया ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए हैं।

पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए 54 पेट्रोलिंग पार्टी बनाई गई है। जिनमें 6 राजपत्रित अधिकारियो की, 17 प्रभारी थाना-निरीक्षक रैंक के अधिकारियों की व 31 एनजीओ स्तर की पेट्रोलिंग पार्टियां बनाई गई है। नगर निगम में कुल 285 बूथ जो 127 स्थानों पर व नगर पालिका कलानौर के 16 बूथ है जो 06 स्थानों पर हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदान केंद्रों, पेट्रोलिंग पार्टियों आदि में जिला पुलिस के करीब 1300 जवान तैनात रहेंगे। बैठक में सभी राजपत्रित अधिकारी, प्रभारी थाना, निरीक्षक रैंक के अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मतदान वाले दिन थाना-चौकी का कार्य प्रभावित न हो इसके लिए प्रत्येक थाना-चौकी में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। कानून की अवहेलना करने वाले के खिलाफ कानून अनुसार कार्यवाही की जाएगी। चुनाव में अवैध रूप से प्रयोग होने वाली शराब, रुपयों आदि पर नजर रखी जा रही है। जिला स्तर पर तीन प्लाटून तैनात रहेगी। जो आवश्यकता पड़ने पर पूरे जिला में कहीं भी जाकर कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालने में सक्षम है। पुलिस बल दंगा निरोधक उपकरणों से सुसज्जित रहेंगा। चुनाव के दौरान जिले में 13 जगहों पर नाकाबंदी रहेगी। सभी प्रबंधक अफसर व राजपत्रित अधिकारी गस्त में रहेंगे तथा मतदान केंद्रों को चेक करेंगे। रोहतक पुलिस द्वारा नाकाबंदी, गस्त, पेट्रोलिंग पार्टी, रिजर्व पुलिस बल आदि तैनात किया गया है।



**रोहतक।** दिल्ली चौक के पास नाका पर तैनात पुलिस बल।



निगम चुनाव को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एएसपी।

### आदर्श आचार संहिता के बारे अवगत कराया

एएसपी वाएवीआर शशि शेखर ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश तथा आदर्श आचार संहिता बारे विस्तार से अवगत कराया। चुनाव से संबंधित सूचनाएं प्राप्त करके बिना विलम्ब संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी। सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचेगा तथा स्थिति को संभालने तथा उच्च अधिकारियों व कंट्रोल को हालात बारे बताएगे। सूचना के आदान-प्रदान में तीव्रता लाने के लिए जिला पुलिस कंट्रोल रुम में अतिरिक्त पुलिस जवानों को तैनात किया गया है।

### माहौल खराब करने पर होगी सख्त कार्रवाई



सामाजिक माहौल खराब करने की कोशिश ना करें अन्यथा उनके खिलाफ कानून के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। मतदान के दौरान किसी प्रकार की शिकायत बारे तुरंत डायल 112, पुलिस कन्ट्रोल रुम नंबर पर सूचना दें, पुलिस सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।
-नरेन्द्र बिजारणिया, एसपी, रोहतक

### सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी न फैलाएं

एसपी ने नागरिकों से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता निडर होकर मतदान करें। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी न फैलाएं।

## बोर्ड परीक्षा

## एडीसी नरेंद्र कुमार ने किया हिपुरा खुर्द में परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

# सख्तीः परीक्षा में हस्तक्षेप करने वाले दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

*शांति प्रिय परीक्षा करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को परीक्षा केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए ठोस एवं कड़ी कार्रवाई की। एडीसी नरेंद्र कुमार ने गांव सिंहपुरा खुर्द स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संचालित 10वीं कक्षा के परीक्षा के दौरान औचक निरीक्षण किया और उन्होंने इस दौरान परीक्षा में बाहरी हस्तक्षेप से बाधा डालने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने एडीसी के सख्त निर्देशानुसार दो युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। फिलहाल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाओं के निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संचालन के लिए डीसी ने स्वयं के अलावा एडीसी, सभी एसडीएम, नगराधीश, डीईओ व खंड स्तर पर शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में फ्लाईंग टीमों का गठन किया है। इसके साथ-साथ डीसी द्वारा पुलिस प्रशासन को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षाओं को पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें और किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार बाह्य हस्तक्षेप न हो।



**रोहतक।** हिसार रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दसवीं का पेपर देने के बाद आपस में डिस्कस करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्धः एडीसी

एडीसी नरेंद्र कुमार ने कहा है कि जिला में संचालित 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा के निर्देशानुसार जिला में किसी भी परीक्षा केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप नहीं होना दिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा। परीक्षाओं में किसी भी तरह से बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### प्रदीप ढाका बने महम बार एसोसिएशन के प्रधान

**महम।** एडवोकेट प्रदीप ढाका को 11 वीं बार महम बार एसोसिएशन का प्रधान चुना गया है। ढाका ने महम बार के निवर्तमान प्रधान रविशंकर सोनी को कडे मुकाबले में 40 वोटों से पराजित किया है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट राजेश गोयत ने बताया कि कुल वोट 366 थी। प्रदीप ढाका को 194 तथा रविशंकर सोनी को 154 मत मिले। प्रदीप को 40 वोटों से जीत हासिल हुई। वहीं उपप्रधान के लिए प्रिंकल खुराना को 167 तथा राजपाल अहलावत को182 मत मिले ।राजपाल ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 15 मतों से पराजित किया।महासचिव के लिए विपिन बल्हारा को 165 तथा सुमित सिवाच को184 मत मिले। सिवाच को 19 मतों से जीत हासिल हुई। सहसचिव के लिए ममता कटारिया को 183 तथा ईशा खन्ना को 161 मत मिले। ममता को 22 मतों से जीत मिली। विशेष बात यह रही की हारने वाले प्रधान रवि के पैनल से अन्य तीनों प्रत्याशियों को जीत मिली है। ढाका पैनल से चुनाव लड रहे अन्य प्रत्याशी कडी टक्कर के बीच चुनाव हार गए।चुनाव शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव सुबह 9 बजे से सांय 4 बजे तक चला। चुनाव के तुरंत बाद ही मतों की गिनती करवा दी गई थी।चुनाव में नगर परिषद रोहतक से चीफ इलैक्शन ऑफिसर प्रदीप कुमार ऑब्जर्वर थे। जबकि नायब तहसीलदार राहुल कुमार को डयूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया था।


घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।


मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिजाइन एंड डाटा विज़ुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   - कोर्स नामः बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   - कोर्स नामः एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   - कोर्स नामः बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   - कोर्स नामः बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   - कोर्स नामः बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   - कोर्स नामः पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   - कोर्स नामः एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   - कोर्स नामः बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   - कोर्स नामः एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   - कोर्स नामः बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री** : पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री** : यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम् टेक या एम् इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी)** : पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान** : पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता** : पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल** : पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल** : पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर :** सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।


### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



**मोटिवेशनल**
डॉ. दिव्या तंवर

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी** : जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा:** मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो** : जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो** : लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन आज

**रोहतक।** पंजाब नेशनल बैंक रोहतक मंडल के तत्वाधान में मंडल कार्यालय रोहतक द्वारा कृषि प्रसार कार्यक्रम (स्वयं सहायता समूह केन्द्रित) का आयोजन 1 मार्च को होगा। यह आयोजन सुबह 11 बजे से जिला विकास भवन के डीआरडीए सभागार में प्रारंभ होगा, जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि नरेन्द्र कुमार (आईएएस) अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा किया जाएगा एवं इसमें रोहतक व झज्जर जिले के विभिन्न सहायता समूहों के सदस्य भाग लेंगे।

### चार्ट व भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में साइंस सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान से संबंधित विषय पर चार्ट बनाने एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। अंशिता ने चार्ट प्रतियोगिता में प्रथम, तनु ने द्वितीय एवं दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. सीमा रापड़िया सेवानिवृत्त

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग से एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. सीमा रापड़िया शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुई । उन्होंने महाविद्यालय में 35 वर्ष तक अपनी सेवाएं प्रदान की। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने बताया कि डॉ. सीमा अपने कार्यकाल में शैक्षणिक कार्य के साथ साथ बहुत से अन्य प्रकोष्ठों की प्रभारी भी रही, जैसे आईक्यूएसी सेल, परीक्षा नियंत्रक, उच्चतर शिक्षा अभियान आदि।

### छात्रों को वैज्ञानिक बनने के लिए किया प्रेरित

**रोहतक।** जैसे-जैसे देश विकसित भारत 2047 मिशन की ओर बढ़ रहा है, अनुसंधान और नवाचार में निरंतर निवेश वैश्विक नेतृत्व और सतत विकास की कुंजी होगी। यह कहा है मदवि के केमिस्ट्री विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर व्याख्यान में मुख्य अतिथि, जे सी डी विद्यापीठ सिरसा के पूर्व डायरेक्टर जनरल प्रो. केएस ढींडसा ने।

### बैठक में शिक्षण के परिणामों और बच्चों की सीखने की प्रगति पर प्रकाश डाला

# उपचारात्मक शिक्षण दे सकता है बेहतर परिणाम : दिलजीत सिंह

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को डीपीआईयू की मासिक बैठक का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को डीपीआईयू की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य एफएलएन विषय से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना रहा। बैठक में, सभी ब्लॉकों के अधिकारियों ने अपने-अपने ब्लॉक में चलाए जा रहे उपचारात्मक शिक्षण की रिपोर्ट साझा की। रिपोर्टों में उपचारात्मक शिक्षण के परिणामों और बच्चों की सीखने की प्रगति पर प्रकाश डाला गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से सभी अधिकारियों को संबोधित किया और एफएलएन कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी को आने वाले नामांकन अभियान में अधिक से अधिक नामांकन करने की बात कही, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने सभी अध्यापकों से उपचारात्मक शिक्षण को अत्यधिक महत्व देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कक्षाओं में अध्यापकों को कक्षा अनुसार उपचारात्मक शिक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि बच्चों की सीखने की कमियों को दूर किया जा सके और बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सके।

#### अध्यापकों से किया यह आह्वान



बैठक में, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों से विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों (स्टूडेंट लर्निंग आउटकम) पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अध्यापकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक विद्यार्थी एफएलएन के मूलभूत सिद्धांतों को समझ सके और उन्हें लागू कर सके।

#### बच्चों की दक्षता माता-पिता के साथ साझा करें

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापकों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि वे बच्चों द्वारा सीखी गई दक्षता को उनके माता-पिता के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि इससे माता-पिता को अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी मिलेगी और वे उनकी शिक्षा में अधिक रुचि लेंगे।

#### अध्यापकों की भूमिका

जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के सीखने के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने अध्यापकों से विद्यार्थियों को प्रेरित करने, उनकी शंकाओं का समाधान करने और उन्हें सीखने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। राज्य प्रतिनिधि तुषार ने एफएलएन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।

#### खंड कलानौर से सर्वश्रेष्ठ अभ्यास पीपीटी साझा

खंड कलानौर से सर्वश्रेष्ठ अभ्यास की पीपीटी भी साझा की गई, जिसमें एफएलएन कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी गई। जिला एफएलएन समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने डैशबोर्ड से संबंधित सभी जानकारी साझा की। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय बैठकों में स्पॉट असेसमेंट और फोटो अपलोड करने के लिए विशेष सावधानी बरतने की जानकारी भी सभी को दी। उन्होंने यह भी बताया कि निदेशालय द्वारा जारी 15 दिवसीय उपचारात्मक शिक्षण योजना को स्कूलों में कैसे लागू किया जाए। बैठक में, अधिकारियों ने एफएलएन कार्यक्रम को और



## कृपाल नगर में कवियों ने कविताओं से किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

स्पंदन संस्था एवं विरासत आर्ट गैलरी के सह संयोजन में कृपाल नगर में एक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्य गोष्ठी में शहर के जाने-माने रचनाकारों ने अपनी कविताओं के माध्यम से अपने हृदय के उद्गार प्रस्तुत किए। आशा खत्री लता की अध्यक्षता में हुई इस काव्यगोष्ठी का मंच संचालन पवन गहलोत ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के मूर्तिकला विभाग के असिस्टैंट प्रोफेसर हरेंद्र ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्नेह 'विशेष' ने नारी के हृदय की कोमलता को प्रकट करते हुए कहा कि मेरा दर्द तुम कैसे समझ पाते, जब हम सदा रहे मुस्कुराते।दर्द में भी हंसते रहना, ये कमी हम में कुदरतन ही है। पवन गहलोत ने इंसानियत के धर्म को सबसे बड़ा धर्म मानने की सीख देते हुए कहा कि कभी-कभी तू गाकर देख, सच्ची खुशियां पाकर देख, मंदिर-मस्जिद क्यों जाता है, दिल में किसी के आकर देख। काव्यगोष्ठी के बाद विरासत आर्ट गैलरी की संचालिका वंदना वर्मा ने सभी आमंत्रित कवियों का धन्यवाद करते हुए उनको अपनी आर्ट गैलरी का भ्रमण भी करवाया। उन्होंने बताया कि कि हमारे देश की संस्कृति बहुत ही समृद्ध है जिसका दूसरे देशों के लोगों ने भी लोहा माना है। कार्यक्रम के अंत में अपने अध्यक्ष्य भाषण में आशा खत्री 'लता' ने काव्यपाठ के लिए सभी कवियों की रचनाओं को स्तरीय बताते हुए उन सभी से साहित्य सृजन के क्षेत्र में और भी अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।

## तिलक नगर में बाल्टियों से पीने का पानी ढोने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। दूर दराज से पानी ढोते तिलक नगर कॉलोनी के वाशिंदे।

तिलक नगर की गली नंबर 15 में रहने वालों को पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस गली के निवासी सुखबीर दहिया ने बताया कि उनके घर में कई कई दिनों तक पीने का पानी नहीं आता। इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से कई बार मिल चुके हैं लेकिन समाधान नहीं हो रहा। कई दिन तक पेयजल आपूर्ति न होने की वजह से लोगों को पीने के पानी के अलावा खाना बनाने, कपड़े धोने और नहाने में परेशानी हो रही है। रोजमर्रा के कार्यों के लिए कॉलोनीवासियों को दूर दूराज से पानी ढोना पड़ रहा है। महिलाएं सिर पर पानी ढोती हुई अमुमन इस कॉलोनी में मिल जाती हैं। रोहतक में मंडल स्तर के अधिकारियों के कार्यालय हैं। जनस्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी यहां बैठते हैं। जब रोहतक में ही लोगों को पीने के पानी की दिक्कत झेलनी पड़ रही है, तो जिले के अन्य कस्बों व गांवों में पानी को लेकर क्या हालात होंगे। एक तरफ शहर में नगर निगम चुनाव को लेकर नेता घर द्वार पहुंच रहे हैं। दूसरी तरफ लोग पेयजल का टोटा झेल रहे हैं। तिलक नगर निवासियों ने जिला उपायुक्त से दोषी अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है साथ ही पेयजल की नियमित आपूर्ति की गुहार लगाई है।

### समर्थगुरु संघ द्वारा ध्यान योग शिविर प्रारंभ

**रोहतक।** ओमेक्स सिटी स्थित ताज गार्डन में ध्यान योग का शुभारंभ किया गया। जिसमें 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह तीन दिवसीय आयोजन भगवान गौतम बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग पर आधारित है। आचार्य दलशेर मलिक, अमोल अदलखा. अनाहत और मां प्रोमिला ने सम्यक दृष्टि, सम्यक जागृति, सम्यक कर्म, सम्यक संबंध और सम्यक संबंध विषयों पर पांच सत्र लिए। यह शिविर समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा वैज्ञानिक रूप से संरचित किया गया है, जिससे प्रतिभागी प्रज्ञा के साथ आनंदमय जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. परमवीर फोगाट, चंद्रभान गहलावत, संदीप नैन, प्राचार्या संतोष सहरावत, रोनक रेढ़ू, विजय बोहर, नरेंद्र, भारतभूषण, परमजीत, मोनिका आशा, सुनीता और डॉ. सीमा फोगाट उपस्थित रहे।

## जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत देख गदगद हुए रामअवतार वाल्मीकि, बोले: सभी वादे पूरे करूंगा

**रोहतक।** रोहतक नगर निगम से भाजपा प्रत्याशी राम अवतार वाल्मीकि ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दर्जनों कॉलोनियों और कई गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क किया। जगह-जगह राम अवतार वाल्मीकि का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि रोहतक की जनता से जो भी वादे किए हैं, सभी को पूरा करेंगे, भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है। रोहतक नगर निगम में जितने भी वार्ड, कॉलोनी और गांव हैं, सभी जगह जनसंपर्क किया गया। रोहतक के लोगों के उत्साह और भाजपा के प्रति उमड़े प्रेम को देखकर दावा करता हूं कि इस बार भी रोहतक नगर निगम में कमल खिल रहा है। राम अवतार ने कहा कि अब फैसले की घड़ी आ चुकी है और 2 मार्च को जनता भाजपा के पक्ष में वोट डालकर कांग्रेस को सबक सिखाएगी। रोहतक की जनता विकास चाहती है और भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार जमकर विकास करेगी। किसी भी क्षेत्र में रोहतक को पीछे नहीं रहने देंगे।



#### चमकाएंगे रोहतक, सार्वजनिक स्थानों पर रैंप व लिफ्ट बनाएंगे

- नगर निगम में पूर्व सैनिकों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष काउंटर बनाएंगे
- रोहतक के सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांगों के लिए रैंप व लिफ्ट बनाएंगे।
- शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा प्रदान करेंगे
- रोहतक में मिनी सिटी बस सेवा शुरू करेंगे
- ऑनलाइन एनडीसी प्रणाली शुरू करके, संपत्ति कर सत्यापन को स्वचालित करेंगे

## जाट संस्था के प्रधान ने हॉल के नवीनीकरण का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** जाट कॉलेज में मल्टीपर्पज हॉल और मैनेजमेंट ऑफिस के पहले तल के नवीनीकरण के लिए नारियल फोडकर कार्य का शुभारंभ करते जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना। फोटो : हरिभूमि

जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने शुक्रवार को जाट कॉलेज में बने मल्टीपर्पज हॉल और मैनेजमेंट ऑफिस के पहले तल के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया। वहीं कॉलेज में चल रहे कई कार्यों का निरीक्षण करते हुए प्राचार्या डॉ. शबनम राठी और कमेटी सदस्यों को इन कार्यों को पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से करवाने के निर्देश भी दिए। प्रधान ने बताया कि जाट कॉलेज में वर्षों पहले बने मल्टीपर्पज हॉल में कई इंडोर गेम्स आयोजित किया जाते थे और साथ ही इस हॉल में खिलाड़ियों की प्रैक्टिस भी करवाई जाती थी। इस हॉल में फर्श के साथ-साथ छत रिपेयर और अन्य कार्यों को लगभग 32 लाख रुपए में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह हॉल कई वर्षों से प्रयोग में नहीं लाया जा रहा था, जिसके चलते खिलाड़ियों की प्रैक्टिस और कई खेलों का आयोजन प्रभावित हो रहा था। प्रधान दिमाना ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के साथ ही कई वर्ष पहले मैनेजमेंट बिल्डिंग का कार्य भी कई वर्षों से अधर में लटका हुआ था। जिसके प्रथम तल के नवीनीकरण का कार्य भी साथ-साथ किया जा रहा है। इस कार्य पर लगभग 75 लाख रुपए की लागत आएगी। कॉलेज में आ रहे नए-नए कोर्स में विद्यार्थियों का रूझान बढ़ेगा। यहां सुखबीर हुड्डा, डॉ. कपूर सिंह, प्राचार्या डॉ. शबनम राठी, डॉ. बलराज देशवाल, डॉ. सूर्यप्रकाश, डॉ. सुखबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह दिमाना, अशोक कुण्डू रहे।

### एसपी कार्यालय में हुआ विदाई समारोह

**रोहतक।** पुलिस में कार्यरत 2 पुलिस अधिकारी शुक्रवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। पुलिस कार्यालय में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में उप पुलिस अधीक्षक कलानौर राकेश कुमार ने सेवानिवृत्त हुए हॉनरेरी निरीक्षक सतीश कुमार व उपनि नरेन्द्र कुमार के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। उप पुलिस अधीक्षक कलानौर राकेश कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों ने अपने जीवन के सबसे कीमती समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। पुलिस विभाग उनका हमेशा ऋणी रहेगा। चिताना जिला सोनीपत निवासी हॉनरेरी निरीक्षक सतीश ने 35 साल व गांव छारा जिला झज्जर निवासी उपनि नरेंद्र कुमार ने पुलिस विभाग में 36 साल से ज्यादा पुलिस विभाग मे कार्य किया है।

## व्यक्तित्व विकास के बिना सफलता अधूरी : प्रो. वर्मा

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में टीएमआईई2ई अकादमी द्वारा इंफोसिस फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन हुआ। यह 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, ग्रुप डिस्कशन, समस्या समाधान और रिज्यूमे राइटिंग जैसे महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स को निखारने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। नौकरी देने वाली कंपनियां अब तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता, ग्रुप डिस्कशन और टीम वर्क पर भी ध्यान देती हैं। सही संवाद कौशल के बिना, चाहे आपके पास कितनी भी डिग्री हो, सफलता पाना कठिन हो सकता है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ज्ञान अर्जित करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे व्यावहारिक रूप से लागू करना ही असली शिक्षा है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आपको आगे बढ़ने के नए अवसर प्रदान करेगा। यदि आप इन कौशलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लेंगे, तो निश्चित रूप से सफलता की ऊंचाइयों को छू सकेंगे। कार्यक्रम के प्रमुख प्रशिक्षक मनीष कुमार और पूर्वी ने छात्रों को कुशल नेतृत्व, संचार कौशल, टीम वर्क और अन्य सॉफ्ट स्किल्स के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल डूडी ने कुलपति, रजिस्ट्रार, डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग और दोनों प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सुधीर मलिक, डीन इंजीनियरिंग डॉ. मुकेश सिंगला, डॉ. कविता, डॉ. सोमवीर आर्य, डॉ. बनिता, डॉ. राहुल, डॉ. सुदेश कुमारी सहित विभिन्न संकायों के शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

### विजेता टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

## प्रबंधन विभाग की टीम ने तीन विकेट से जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (एमडीयू-सीपीएएस), गुरुग्राम में गत दिवस विधि और प्रबंधन विभागों के बीच अंतर-विभागीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अनीशा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस क्रिकेट मैच का उद्घाटन एमडीयू-सीपीएएस के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार अहलावत ने किया। प्रो. अहलावत ने टॉस कराया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। विधि विभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 12 ओवरों में 9 विकेट खोकर 47 रन बनाए। प्रबंधन विभाग की टीम ने 11वें ओवर में 48 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और तीन विकेट से जीत दर्ज की। प्रबंधन टीम की कप्तान सरिता कटारिया को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 3 ओवर में 8 रन देकर 4 विकेट लिए और 32 गेंदों में सर्वाधिक 18 रन बनाए। मैच में दोनों टीमों की कप्तानों- मानसी यादव (विधि विभाग) और सरिता कटारिया (प्रबंधन विभाग)- ने उत्कृष्ट समर्पण और खेल भावना का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले के अंतिम ओवर में सरिता के छक्के ने प्रबंधन विभाग की टीम को शानदार जीत दिलाई। इसके अतिरिक्त, प्रबंधन विभाग के समन्वयक डॉ. विजय राठी और विधि विभाग के समन्वयक डॉ. वीरेंद्र सिंधु ने अपनी-अपनी विभागीय टीमों को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए 11,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। खेल समिति की संयोजक डॉ. अनीशा सिवाच ने खिलाड़ियों और दर्शकों की सराहना की और कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्थन के लिए निदेशक, संकाय सदस्यों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। मैच का संचालन अंपायर अभय कुमार और संदीप भारद्वाज ने किया, जबकि लाइव कमेंट्री कर्तिकेय शुक्ला, अभिनव भारद्वाज और अक्ष शर्मा द्वारा प्रदान की गई। फिजियोथेरेपी सहायता राहुल चाहर और समीर यादव द्वारा दी गई, जबकि स्कोरिंग का कार्य ऋतु चौधरी ने संभाला।

#### अपनी-अपनी टीमों में भरा जोश

इस आयोजन में प्राध्यापकों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी-अपनी टीमों का जोश के साथ समर्थन किया। प्रतियोगिता में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला, जिसने खेल के माध्यम से एकता और दृढ़ता को मजबूत किया। डॉ. प्रदीप कुमार अहलावत ने प्राध्यापकों के साथ विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



### भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

**रोहतक।** वैश्य व्यायामशाला एवं गोशाला द्वारा जनता कालोनी स्थित वैश्य गोशाला के नजदीक मेन गेट, कार्यालय, हाल कमरा व पहली मंजिल का भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, वैश्य एजुकेशन सोसाईटी के कोषाध्यक्ष डॉ. चन्द्र गर्ग, समाज सेवी जयभगवान मंगला, राजकुमार सिंगला, सुरेश बंसल एवं समिति के प्रधान सुभाष तायल आदि ने पूजा अर्चना की। सुभाष तायल ने बताया कि इसमें एक मेन गेट बड़ा व एक छोटा गेट आधुनिक ढंग से बनाया जायेगा और इसके अलावा एक कार्यालय बनाया जायेगा। पहली मंजिल पर एक हाल कमरा जोकि राजेश जैन के पिता स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन के नाम से बनाया जायेगा और दूसरी मंजिल पर एक हॉल कमरा उनकी माता स्व. सुशीला देवी के नाम पर बनाया जायेगा।

### भूपेंद्र सिंह हुए सेवानिवृत्त

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में संगीत विभाग के तबला वादक भूपेंद्र शर्मा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता ने सेवानिवृत्ति पर भूपेंद्र शर्मा को उपहार व शाल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कामना की कि उनका आने वाला जीवन स्वस्थ एवं मंगलमय हो।

TIMES INTERNATIONAL SCHOOL
Kisrenti (Rohtak)
M. 9050403132, 9813030386
STAFF REQUIRED
• PRT-5
• TGT- Maths, Eng, Hindi, S.St., Science
• PGT- English, Maths Geography
• DPE
FLUENCY IN ENGLISH WILL BE MUST
WALK IN INTERVIEW On 2 March (Sunday) between 11:00 a.m. to 3:00p.m.
At PILANIA CLASSES
Rajiv Gandhi Stadium Road, Near New Bus Stand, Rohtak
along with your latest CV & documents

खबर संक्षेप

## महिला को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने महिला को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स प्रभारी मनोज ने बताया कि पुरानी सब्जी मंडी वाला चौक गढ़ी मोहल्ला के पास गश्त में मौजूद थी। गश्त के दौरान सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए गढी मोहल्ला से महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान शालू निवासी गढ़ी मोहल्ला के रुप में हुई। तलाशी लेने पर महिला के पास से 7 ग्राम 80 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई है।



## एडीआर सेंटर में वर्कशाप का आयोजन किया

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में स्थानीय एडीआर सेंटर के कांफ्रेंस हॉल में जुवेनाइल जस्टिस केयर एंड प्रोटेक्शन एक्ट 2025 के तहत एक वर्कशाप लगाई गई। जिसका आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान की देखरेख में हुआ। इस वर्कशॉप में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के रिसोर्स पर्सन द्वारा जुवेनाइल जस्टिस केयर और प्रोटेक्शन एक्ट में नवीनतम बदलाव के नियमों के बारे में सभी पुलिस कर्मचारी व जुवेनाइल जस्टिस केयर यूनिट को विधिवत बताया गया।



## दो एलुमनी सहायक प्रोफेसर पद पर चयनित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग के दो पूर्व विद्यार्थियों डॉ. संगीता यादव तथा डॉ. नवीन कुमार का चयन इंदिरा गांधी विवि मीरपुर रेवाड़ी में सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ है। प्रो. प्रीति गुलिया ने बताया कि विभाग के पूर्व शोधार्थी डॉ. संगीता यादव तथा डॉ. नवीन कुमार आईजीयू विवि, रेवाड़ी के कंप्यूटर साइंस विभाग में बतौर सहायक प्रोफेसर चयनित हुए हैं।

# गढ़ी-सांपला, ईस्माइला 11बी और खेड़ी सांपला में अवैध निर्माण तोड़े

## नागरिक विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित 86 अवैध कॉलोनियां में न खरीदे प्रॉपर्टी

### जिला नगर योजनाकार की टीम के साथ पुलिस बल भी मौके पर रहा मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक






जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों में तोड़फोड़ के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला नगर योजनाकार द्वारा गढ़ी सांपला, ईस्माइला 11 बी एवं खेड़ी सांपला में लगभग 3.54 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी व दो अवैध निर्माणों को तोड़ा गया। टीम के साथ भारी तादाद में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार, अभियान के दौरान एक अवैध कॉलोनी व दो अवैध निर्माणों को तोड़ा गया, जिसमें पक्का रोड नेटवर्क, एक निर्माणाधीन संरचना तथा 2 चार दीवार को तोड़ा गया। इस अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों के अलावा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने आमजन से अपील की है कि नागरिक अपनी जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। प्रशासन द्वारा विभिन्न राजस्व संपदाओं में चिन्हित की गई 86 अवैध कॉलोनियों में किसी तरह का खरीद-फरोख्त न करें।

### कार्यालय से ले सकते हैं जानकारीः सुमनदीप

जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर, भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा है कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में पूछताछ कर सकते हैं।

## प्रो-एक्टिव मोड से बन रही है वृद्धावस्था पेंशन

**रोहतक।** सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र व्यक्तियों की प्रो-एक्टिव मोड से वृद्धावस्था पेंशन भत्ता शुरू किया जा रहा है। नागरिक अपने परिवार पहचान पत्र को अपडेट करवाए तथा बैंक खाते को एक्टिव रखें ताकि पात्रता शर्तें पूर्ण होने पर वृद्धावस्था पेंशन ऑटोमेटिक रूप से शुरू हो सके। अब तक समाधान शिविरों में प्राप्त 5757 शिकायतों में से 4756 का निपटारा किया जा चुका है, लंबित 561 शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है। यह जानकारी एडीसी नरेंद्र कुमार ने दी। वे स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में आयोजित में समाधान शिविर में नगराधीश अंकित कुमार के साथ नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे।

- नागरिक परिवार पहचान पत्र को रखें अपडेट व बैंक खाते को रखें एक्टिव

### आवेदन की जरूरत नहीं

उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार द्वारा इस पेंशन की प्रक्रिया को सरल बना दिया गया है। अब नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता पहचान पत्र में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले तथा 3 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले पात्र व्यक्तियों की प्रो-एक्टिव मोड से वृद्धावस्था पेंशन बन रही है। उन्होंने दिव्यांग पेंशन के संदर्भ में कहा कि सरकार द्वारा 60 प्रतिशत दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने नेहरू कॉलोनी में गंदे पानी की पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें।



## द आर्यन ग्लोबल स्कूल में खिलाड़ियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

द आर्यन ग्लोबल विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों रिया, यशिका, खुशी कादियान, नैन्सी व हर्षिता को खेलों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने यह भी बताया कि खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास होता है, इससे उनके शरीर में चुस्ती और फुर्ती बनी रहती है। विद्यालय की गतिविधियों में खेल भी अपना अहम रोल निभाते हैं, इसलिए हमें समय-समय पर खेल गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

## आईबी स्मार्ट स्टार्ट में मनाया इंडो किड्स

- विद्यार्थियों ने रैप वॉक और सोलो डांस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आईबी स्मार्ट स्टार्ट में कक्षा पहली और दूसरी का इंडो किड्स धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का सत्कार करके किया गया। इंडो किड्स में विद्यार्थियों ने रैप वॉक और सोलो डांस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दूसरे स्कूल के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पहली में मिस इंडो किड्स यशस्वी, मास्टर इंडो किड्स ओजस, फर्स्ट रनर आनायरा, तक्ष और सेकेंड रनर अप केशव, भाविका रहे। कक्षा दूसरी में मिस इंडो किड्स पलक, मास्टर इंडो किड्स तनिश, फर्स्ट रनर अप कियान, अलिना सेकेंड रनर अप आरिक, नव्या रहे। नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी में विजेता मन्नत, फर्स्ट रनर अप हनविका, सेकेंड रनर अप मायरा रहे। कक्षा पहली में विजेता वेदिका, फर्स्ट रनर अप लाव्या, सेकेंड रनर अप नमन रहे।

## जिला बार एसो. चुनाव स्थगित मतदाता सूची को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला बार एसोसिशन में घमासान बढ़ता ही जा रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को होने वाले चुनाव स्थगित हो गए। वोटर लिस्ट को लेकर चल रहे विवाद के बाद कोर्ट ने आदेश जारी किए थे कि वोटर लिस्ट से हटाए गए अधिवक्ताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ा जाएं। साथ ही ईवीएम वापिस प्रशासन के पास जमा करवा दी गई।

**हाउस की मीटिंग बुलाईः** चुनाव स्थगित होने के बाद जिला बार एसो. के हाउस की मीटिंग हुई। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित प्रधान एवं अन्य पदों के उम्मीदवारों ने इस विषय को लेकर चर्चा की। कमेटी को मामले में रिपोर्ट सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है। बार एसो. चुनाव के माहौल को देखते हुए प्रशासन ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। चुनाव को लेकर पूरी तैयारियां हो गई थी और सुबह चुनाव स्थगित कर दिया गया।

**इनमें होना था मुकाबला:** प्रधान पद पर दीपक हुड्डा और अरविंद श्योराण में चुनाव होना था। उप प्रधान पद के लिए सुशीला देवी, संदीप खत्री, अभीजीत चौधरी और अजय ओहल्यान ने नामांकन किया था।

महासचिव पद के लिए हर्षवर्धन मलिक, कर्ण नारंग, राजकर्ण पंघाल , संयुक्त सचिव के लिए साक्षी लांबा, डिंपल और ज्योतिजबकि लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए अनिल कुमार, मंजीत सिंह और अशोक कुमार और साहिल ने नामांकन किया था।

### ईवीएम प्रशासन को भेजी

शुक्रवार को चुनाव करवाए जाने थे। कोर्ट द्वारा आदेश दिए गए कि एक दूसरे अधिवक्ताओं की पेमेंट करने वाले वोटरों को दोबारा पेमेंट करने पर वोटर लिस्ट से जोड़ा जाए, यह प्रक्रिया मतदान के साथ-साथ शाम तक की जानी थी जो चुनाव के दौरान सम्भव नहीं हो पाती। इसलिए चुनाव स्थगित किया गया है। अब दोबारा चुनाव की तारीख तय की जाएगी। ईवीएम प्रशासन को वापिस भेज दी गई हैं।

-**प्रदीप मलिक**, चुनाव अधिकारी

## मंजीत हत्या मामलाः दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने मंजीत की हत्या की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 6 दिसंबर 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि गांव किलोई में स्थित भूमि गार्डन में शादी समारोह में गोलियां चली है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की। डीघल निवासी मंजीत व बल्लम निवासी मंदीप को गोलिया लगी। जिनकों उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। डॉक्टरों की टीम द्वारा मंजीत को मृत घोषित किया गया। मृतक के भाई मुकेश की शिकायत के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 6 दिसंबर 2024 को मंजीत व मुकेश अपने चाचा सतीश के लड़के का शादी समारोह गांव किलोई में स्थित भूमि गार्डन में बारात में आए हुए थे। रात समय करीब 10:30 बजे भूमि गार्डन हाल में खाना खा रहे था। इसी दौरान हाल के अंदर 2-3 अज्ञात युवक अंदर आए। युवकों ने अपने साथ लिए हुए हथियारों से मंजीत के सिर व गर्दन पर अंधाधुंध फॉयरिंग की। इस दौरान साथ में बैठे मंदीप को भी गोलिया लगी। तीन युवकों फॉयर करते हुए भागने लगे। मुकेश ने बचाव में अपने लाइसैंसी हथियार से हवाई फॉयर किया। तीनों युवक गाड़ी में बैठकर मौके से फरार हो गए। गोली लगने से घायल हुए मंजीत व मंदीप को ट्रामा सेंटर से जाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## कैडेट्स को देशभक्ति मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन, नेतृत्व और सेवा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता को सम्मानित करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम में आज उनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक, एमडीयू-सीपीएएस प्रो. प्रदीप अहलावत ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रो. प्रदीप अहलावत ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए उनके समर्पण और अनुकरणीय सेवा की सराहना की। उन्होंने कैडेट्स को प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने और समाज की सेवा में उसी जोश और देशभक्ति की भावना के साथ योगदान देने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी प्रभारी डॉ. स्नेहलता सांगवान ने स्वागत भाषण दिया और कैडेट्स के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशभक्ति गीतों और नृत्य सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने समारोह में उत्साह और उल्लास भर दिया। इस अवसर पर कैडेट्स पूजा हरसाना, प्रिया कौशिक, दीया यादव, मनीषा, हिमांशी, संयम, कोमल,सावित्री तान्या पंडित, कठोर, रिया, आरती, भूमिका, मिन्नी, ऋषिका, रितिका, लवनिका और वंदिता ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के समापन पर डा. सीमा सांगवान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों और कैडेट्स का आभार जताया।

## निदेशक हरिओम ने फिल्म निर्माण की बारीकियों पर प्रकाश डाला

- हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 के पोस्टर का लोकार्पण भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



फिल्मों के जरिए सार्थक सामाजिक संदेश देने, मानवीय संवेदनाओं को उजागर करने, प्रांतीय तथा राष्ट्रीय समृद्ध धरोहर तथा इतिहास की दास्तां बयां करने के संदेश के साथ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में फिल्म मेकिंग कार्यशाला का आयोजन हुआ।

एमडीयू के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में सिने फाउंडेशन, हरियाणा तथा विश्व संवाद केन्द्र के सहयोग से, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। प्रतिष्ठित फिल्म निदेशक, अभिनेता हरिओम कौशिक, फिल्म लेखक व निदेशक विकास बेरवाल तथा दिल्ली विवि के कमला नेहरू कालेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. रविन्द्र साहू ने बतौर विशेषज्ञ वक्ता एवं रिसोर्स पर्सन इस कार्यशाला में शिरकत की। इस अवसर पर हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 के पोस्टर का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन-समन्वयन प्राध्यापक एवं निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने किया। सुनित मुखर्जी ने कहा कि बचपन से ही हम कथा-कहानियां सुनते हैं। फिल्में कथा-कहानी कहने का सशक्त दृश्य-श्रव्य माध्यम हैं। फिल्मों के जीवन में महत्व को उन्होंने रेखांकित किया। विशेषज्ञ वक्ता डा. रविन्द्र साहू ने हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025, जो कि एमडीयू में आगामी 4-5 अप्रैल को आयोजित होना है, के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### एमडीयू का एनआईआरएफ 2025 रैंकिंग में 35वां स्थान

## कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को सम्मानित किया

- पर्स वैज्ञानिक शोध प्रोत्साहन स्कीम के लिए चयनित नौ विश्वविद्यालयों में से एमडीयू शामिल : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से- प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस (पर्स) स्कीम के तहत 6.42 करोड़ रुपए के वित्तीय अनुदान के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को स्मृति चिन्ह तथा पर्स मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान, एमडीयू पर्स समन्वयक प्रो. सपना गर्ग, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन, पर्स टीम सदस्य डा. अनिल ओहल्याण साथ रहे। गौरतलब कि पूरे भारत में पर्स वैज्ञानिक शोध प्रोत्साहन स्कीम के लिए चयनित नौ विश्वविद्यालयों में से एमडीयू शामिल है। इस महत्वपूर्ण शोध परियोजना के तहत पदार्थ विज्ञान क्षेत्र में इंटरडिसीप्लीनरी वैज्ञानिक शोध कार्य किया जाएगा।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का एमडीयू को इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हेतु चयन करने के लिए आभार जताया। कुलपति ने कहा कि एमडीयू में उत्कृष्ट रिसर्च इको-सिस्टम विकसित किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि टीम एमडीयू शैक्षणिक तथा शोध उपलब्धियों की नई ऊंचाइयां तय करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कुलपति ने पर्स टीम समन्वयिका प्रो. सपना गर्ग और उनकी टीम के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। कुलपति ने कहा कि एमडीयू का एनआईआरएफ 2025 रैंकिंग में 35वां स्थान है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक.

- डॉ. रंजना जयवाल ने छात्रों को वैज्ञानिक जांच और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया

रमहर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जूलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का विषय है-विज्ञान में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना और विकसित भारत के लिए नवाचार। प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने भारतीय विज्ञान के इतिहास में महत्वपूर्ण पहलुओं बारे जानकारी साझा की। प्रो. विनय मलिक ने विद्यार्थियों को रोजमर्रा की जिंदगी में विज्ञान के योगदान को पहचानने के लिए प्रेरित किया। प्रो. सुधीर कुमार कटारिया ने वैज्ञानिक जागरूकता फैलाने में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। प्रो. सुदेश रानी ने युवा वैज्ञानिकों के बेहतर भविष्य के लिए वैज्ञानिक कौशल और ज्ञान के महत्व को इंगित किया। उन्होंने धन्यवाद प्रस्ताव भी रखा। डॉ. रंजना जयवाल ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जांच और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। नैतिक या अनैतिक पर वाद-विवाद के रूप में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें निष्ठा मलिक ने प्रथम तथा प्रीति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।